हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–334 : जौनपुर, गुरुवार 21 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## हाईकोर्ट ने आपराधिक पहचान प्रक्रिया अधिनियम की समीक्षा की मांग वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस किया जारी

नई दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका दायर होने के बाद केंद्र को नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने हाल ही में घोषित आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 के प्रावधानों की न्यायिक समीक्षा की मांग करते हुए एक याचिका दायर होने के बाद केंद्र से जवाब मांगा है। बता दें कि इस अधिनियम को लोकसभा में चार अप्रैल 2022 और राज्यसभा में छह अप्रैल 2022 को पारित किया गया था। राष्ट्रपति की सहमति के बाद 18 अप्रैल 2022 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया। दिल्ली के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी ने न्यायमूर्ति नवीन चावला के साथ गृह मंत्रालय और कानून और न्याय



मंत्रालय के माध्यम से भारत संघ को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस पर विचार करने की आवश्यकता है।

## एण्टी रोमियो टीम द्वारा 3 मनचलो को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सराय थाना क्षेत्र के सिद्धिपुर में कांशी राम आवास एंटी रोमियो टीम ने तीन मनचलों को गिरफ्तार कर लिया है। बतादें कि पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर अपराध एंव अपराधियो व मनचलो एवं शोहदो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को प्र0नि0 श्री देवानन्द रजक थाना सरायख्वाजा जौनपुर द्वारा मय एण्टी रोमियो टीम उ0नि0 शिवप्रकाश वर्मा का0 कृष्ण कान्त म0का0 प्रिया पटेल म0का0 शिवानी त्रिपाठी के साथ सुबह स्कूल के खुलने के समय काशीराम आवास कालोनी सिद्दीकपुर में सक्रिय थे कि काशीराम आवास कालोनी में तीन लडके कालोनी में खडे होकर आने जाने वाली लडकियो से छिटा कसी कर रहे थे कि उक्त लडको को हिकमत अमली से हिरासत पुलिस में लिया गया तथा नाम पता पुछने पर क्रमशः अपना नाम 1– रमेश यादव पुत्र अमरनाथ यादव उम्र 24 वर्ष 2– अदनान पुत्र अजाद उम्र 22 वर्ष 3– मुकेश पुत्र रमेश गौतम उम्र 22 वर्ष निवासीगण सिद्दीकपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर बताये।की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त को जेल भेजा गया । नाम पता अभियुक्तगण 1– रमेश यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी सिद्दीकपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर उम्र 24 वर्ष 2– अदनान पुत्र अजाद उम्र 22 वर्ष निवासी सिद्दीकपुर थाना




सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष 3– मुकेश पुत्र रमेश गौतम निवासी सिद्दीकपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष गिरफ्तारी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक – श्री देवानन्द रजक थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर एण्टी रोमियो टीम– उ0नि0 श्री शिवप्रकाश वर्मा थाना सरायख्वाजा जौनपुर एण्टी रोमियो टीम– म0का0 प्रिया पटेल थाना सरायख्वाजा जौनपुर एण्टी रोमियो टीम – म0का0 शिवानी त्रिपाठी थाना सरायख्वाजा जौनपुर एण्टी रोमियो टीम – का0 कृष्ण कान्त थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

## आचार्य सुशील मुनि ने विश्व को एकता का संदेश दियाः राजीव खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आचार्य सुशील मुनि जी के 80 वें दीक्षा महोत्सव दिवस पर उनकी पूजा का कार्यक्रम तथा विभिन्न गुरुओं द्वारा विश्व का मार्गदर्शन दिया गया 108 दीपक से उनकी महाआरती हुई। डिफेंस कॉलोनी आचार्य सुशील मुनि आश्रम में पूज्य आचार्य सुशील मुनि जी के 80 वें दीक्षा महोत्सव दिवस के अवसर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया आयोजन में सभी प्राचीन गुरुओं के वर्तमान प्रमुखों ने आकर भाग लिया स ईसा मसीह के प्रतिनिधि आर्चबिशप अनिल कुट्ठू, गुरु नानक जी के प्रतिनिधि संत अवतार सिंह ,लोटस टेंपल से डॉ ए.के मर्चेंट ,यहूदी कम्युनिटी से इजिकल मालेकार, स्वामी अमित देव और वेद प्रकाश जी ,बहन सीता बिंबरी जी जो पिछले 30 वर्षों से पूज्य आचार्य सुशील आश्रम के साथ मिलकर विश्व का मार्गदर्शन करते रहे हैं 'उपस्थित सभी गुरुओं ने एक ही बात कही कि पूज्य आचार्य सुशील मुनि जी महाराज ने विश्व को एकता का पैगाम दिया' सर्व धर्म सम्मेलन करवाने में महाराज जी ने पहल की और हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई, सबको एक मंच पर हमेशा लाते रहे राजीव जोली खोसला ने आए हुए सभी धर्म गुरुओं का आदर सत्कार किया साध्वी जी ने कहा कि हमारा भारतवर्ष हमारा विश्व



प्रसन्न है सर्वप्रथम हमें अपनी भावी पीढ़ी की शिक्षा की ओर ध्यान देना होगा पढ़ाई पहले आसान हो फिर कठिन हो और जबकि वर्तमान में पहली क्लास की पुस्तक कठिन है और कॉलेजों की पुस्तकें आसान और सस्ती है तथा भारत सरकार से अनुरोध किया कि वह टेक्स् नामक व्यापार को कम करें अन्यथा जनता व्यापार करना बंद करेगी क्योंकि इतने बड़े–बड़े टैक्स देना सबके बस की बात नहीं है अतः सरकार देश के व्यापार की तरफ ध्यान दें। इस महा महोत्सव में उपस्थित महिला मंडल ने अपनी भक्ति से सभी भक्तों का मन मोह लिया। केके गोयल, ओमप्रकाश बत्रा जी ने बताया कहा कि हम जब छोटे होते थे तो तीन दिवसीय रामलीला मैदान में होने वाले सर्व धर्म सम्मेलन का विज्ञापन देखकर खुश होते थे आज सौभाग्य प्राप्त है कि महाराज जी के 80 में दीक्षा दिवस पर विश्व भर का मार्गदर्शन करने का आचार्य श्री के परम भक्त डॉ राका अग्रवाल , शोभा गोयल, सरला कोचर, पुष्पा कोचर, श्रीमती मधु गुप्ता, उर्वशी वालिया जी ,श्रीमती शकुंतला बोहरा , पुष्पा डूंगरिया, श्रीमती प्रमोद जैन ,रीमा , ममता सुजनती, वंदना सुजनती, कुशल फोफलिया, सुप्रिया , रीमा जी, वी.के श्रीवास्तव , अनुज शर्मा, डीके मेहंदीरता, हितेश शर्मा, चमन नागर, हरजीत सिंह ,राघव देशवाल, सैकड़ों भक्तों ने गुरु जी का प्रसाद ग्रहण किया।

## देश की धरोहर को बचाने में योगदान जरूरीः प्रो. निर्मला एस मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मिशन शक्ति टीम के सहयोग से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में आजादी के अमृत महोत्सव, मिशन शक्ति फेज– 4 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय प्रांगण के नवाचार केन्द्र में राष्ट्रीय नागरिक सेवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि आज की युवाओं को यह देखने की जरूरत है कि वे देश को क्या दे रहे हैं? उन्हें देश को आगे बढ़ाने के लिए सजग योगदान देने की जरूरत है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बनाए रखना हीं हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए और इसके लिए आज की युवाओं और नागरिकों को आगे आने की जरूरत है। विशिष्ट वक्ता सह आचार्य अंग्रेजी विभाग, मेहरावा पी जी कालेज डॉ राज बहादुर यादव ने कहा कि समाज सेवा से हमारे व्यक्तित्व का विकास संभव है और इसके लिए समाज में महिलाएं मुख्य योगदान दे रही हैं। डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य हमेशा ऊंचा रखना चाहिए और जौनपुर की मिट्टी में ऐसी बात है कि यहां के छात्र–छात्राएं कुछ भी करने की काबिलियत रखते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मिशन शक्ति टीम छात्र छात्राओं को पूरी तन्मयता से जागरूक करने का कार्य कर रही है। मुख्य वक्ता डॉ सुरेश कुमार जिला प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि समाज, देश व राष्ट के नागरिकों की सेवा में योगदान देने वाला हीं जाग्रत राष्ट्र की अखण्डता, एकता व प्रभुता को बनाए रख सकती है इसलिए हम सभी को मिलकर इसके लिए कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ वनिता सिंह ने स्वागत भाषण डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव तथा धन्यवाद सह समन्वयक डॉ विनय वर्मा ने किया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ प्रियंका एवं मिशन शक्ति सदस्य डॉ सोनम झा, डॉ रेखा पाल, डॉ पूजा सक्सेना का विशेष योगदान रहा। तकनीकी सहयोग , शोध छात्र अवनीश विश्वकर्मा ने किया। इसके अलावा शिक्षकगण प्रोफेसर एके श्रीवास्तव, डॉक्टर नृपेंद्र सिंह, डॉ रजनीश भास्कर, डॉक्टर सुशील कुमार, डॉक्टर राजेश कुमार, विवेक पांडे , आलोक मौर्य अर्पित श्रीवास्तव ,प्रवीण कुमार, सनी कुमार ,सरोज, पीयूष यादव अंतिमा, वैश्णवी श्रीवास्तव ,मोनिका मौर्या , आजाद केसरी सत्यम यादव, लालू यादव आदि उपस्थित रहे।

## महाविद्यालयों की परीक्षा का पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संबद्ध महाविद्यालयों की स्नातक की परीक्षाओं का गुरुवार को परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह और सहायक कुलसचिव अमृत लाल ने औचक निरीक्षण किया। जौनपुर शहर के महाविद्यालयों में सुबह की पाली में परीक्षा नियंत्रक अचानक पहुंचे उनके साथ विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव अमृत लाल भी थें। गुरुवार की सुबह की प्रथम पाली में स्नातक की परीक्षा चल रही थी। इस दौरान जौनपुर के सहकारी पीजी कॉलेज मिहरांवा, गौराबादशाहपुर के श्री चंद्र महाविद्यालय पिलखनी, सुधाकर सिंह शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया गया। इसके बाद अधिकारीगण आजमगढ़ के श्री गांधी स्मारक महाविद्यालय बरदह, मां बबूना बालिका महाविद्यालय बरदह, श्री राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय बेलवार, सर्वोदय पीजी कॉलेज मार्टिनगंज बाबा बैजनाथ पीजी कॉलेज मार्टिनगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग को भी देखा। कोविड–19 के नियमों के अनुपालन के संबंध में भी प्राचार्य और केंद्र व्यवस्थापक से पूछताछ की । महाविद्यालयों को बढ़ती गर्मी को देखते हुए पीने के पानी की व्यवस्था करने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने सभी केंद्रों को परीक्षा के दौरान बिजली के लिए जेनरेटर की व्यवस्था करने का भी आदेश दिया ताकि परीक्षार्थियों को कोई परेशानी नहीं हो। सभी जगह सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ परीक्षाएं चल रही थीं। उन्होंने कहा कि हर हाल में परीक्षा के दौरान कोविड–19 सुरक्षा निर्देशों का पालन होना चाहिए।

## शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव श्रंखला के तहत आज लखनऊ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और बलिदानियू की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और बलिदानियों की प्रतिमाओं का सम्मान किया गया आजादी की लड़ाई के महान योद्धाओं की जीवनी और कार्य के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का आयोजन कर्नल एच एस बिष्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल एन बी सिंह यूपी प्रेसिडेंट अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद थे। मुख्य सहयोग स्क्वाडर्न लीडर राखी अग्रवाल, मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ,नायब सूबेदार मनोज कुमार सिंह अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी, तेजस्वी जी का रहा। सहभागिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और बलिदानियों के परिवार कैप्टन इंदल सिंह चंदेल, अन्य गणमान्य और वीर पूर्व सैनिकों ने की कार्यक्रम की शुरुआत लखनऊ में प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और समर्पण सूर्य कांप्लेक्स पीजीआई के पास में हुआ। इस अवसर पर एम एल भट्ट,




मेजर बी एस तोमर, तेजस्वी गोस्वामी, वारंट ऑफीसर विशाल सिंह, सार्जेंट उमेश सिंह, मनोज मिश्रा, नायब सूबेदार दुर्गा शंकर मिश्रा, सिपाही रूद्र दुबे उपस्थित रहे।

## सत्संग व कथा के माध्यम से ही मनुष्य माँ भगवती की शरण में पहुंचता है– पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के ग्राम पंचायत अचकारी मे चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा मे पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री जी ने सप्तम दिवस मे बताया कि सत्संग व कथा के माध्यम से ही मनुष्य माँ भगवती की शरण में पहुंचता है अन्यथा वह मोह माया के चक्कर में पड़ कर जीवन भर भटकता रहता है। इसलिए समय निकालकर श्रीमद् देवीभागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। साथ ही बच्चों को संस्कारवान बनाकर सत्संग व कथा के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलयुग में देवी भागवत साक्षात भगवती का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्य का फल प्राप्त हो जाता है। इस कथा को सुनने के लिए देवी–देवता भी तरसते हैं। सौभाग्यशाली मानव को ही इस कथा के श्रवण का लाभ प्राप्त होता है। श्रीमद् देवी भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी का कल्याण संभव है। आज समाज मे स्त्री को देवी रूप



मे देखने के लिए और उनका सम्मान करने के लिए देवी भागवत रूपी चश्मा हर मानव के आँखो पर लगाने की आवश्यकता है. मुख्य यजमान के रूप में चन्द्रिका प्रसाद विश्वकर्मा व डॉ रमापति विश्वकर्मा, यज्ञआचार्य पंडित महेंद्र द्विवेदी, कुलगुरु नरेन्द्र प्रसाद शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## स्कूल चलो अभियान की निकली बाइक रैली

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत आज खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोजीत राव के नेतृत्व में कम्पोजिट विद्यालय बहुरावा से ब्लाक बल्दीराय के समस्त विद्यालयों के एक–एक शिक्षक की उपस्थिति के साथ बाइक रैली निकाली गयी। जो कंपोजिट विद्यालय बहुरांवा से प्रारम्भ होकर बहुरांवा बाजार , सुख बड़ेरी, उपरी, बीही निदूरा, बल्दीराय बाजार होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय के रास्ते बीआरसी बल्दीराय पर संपन्न हुई। रैली में अध्यापक 'पाप मम्मी हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ, आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जाएंगे, एक दो तीन चार, साक्षरता की जय जय कार..... आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे।इस मौके पर बीईओ मनोजीत राव ने कहा कि सभी अध्यापक घर घर जाकर 5 बच्चों का नामांकन जरूर करें। किसी भी कीमत पर टारगेट को पूरा करें। और नामांकन को ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें।इस रैली में सभी एआरपी, एनपीआरसी, शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजबख्स मौर्य, जिला उपाध्यक्ष हरि श्याम मौर्य, मंत्री शिव नरायन वर्मा, विजय पासी, अनिल वर्मा, जयचंद, राम भवन, संदीप पांडेय, संजय यादव, दिनेश कुमार, अवधेश तिवारी, नित्यानंद पांडेय सहित ब्लाक के सैकड़ों शिक्षक शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु की गयी बैठक

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अनुमति से 14 मई 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाये जाने हेतु सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत के संचालन में 21 अप्रैल 2022 को अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार विमर्श हेतु विकास, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जौनपुर की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में बैठक आहूत की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों से सम्बन्धित शमनीय प्रकृति के अधिकतम आपराधिक मामलों का सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण कराने हेतु पक्षकारों को नोटिस भेजकर अधिकाधिक वादों के निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा वादकारियों एवं अधिवक्तागण से अपील की गयी कि कोविड–19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए 14 मई 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलह–समझौता योग्य मामलों का निस्तारण कराये एवं अवसर का लाभ उठाते हुए लोक अदालत को सफल बनायें।

## सिद्दीकपुर में अप्रेन्टिसशिप मेले का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : 21 अप्रैल 2022 को आई0टी0आई0, सिद्दीकपुर जौनपुर के परिसर में अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कई औद्योगिक इकाईयों/अधिष्ठानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मेले में औद्योगिक इकाईयों जैसे–मे0 राजू काश कार्पेट, मेसर्स हॉकिसं कूकर, मे0 मॉ कामाख्या, मे0 रामापालीमर्श, मे0 के0एल0के0 सीमेन्ट एवं मे0 अम्बा सीमेन्ट आदि ने 160 अभ्यर्थियों का अप्रेन्टिस हेतु चयन किया गया, जिसमें सबसे अधिक 57 मे0 राजू काश कार्पेट द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस मेले के मुख्य अतिथि मा0 विधायक बदलापुर रमेश मिश्रा उपस्थित थे एवं इसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, जिला सेवायोजन अधिकारी एवं आई0टी0आई0 के प्रधानाचार्य के साथ–साथ जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के सहायक प्रबन्धक श्री जय प्रकाष आदि उपस्थित रहे।

## आजादी का अमृत महोत्व के अन्तर्गत 18 से 23 अप्रैल तक स्वास्थ्य मेंले का होगा आयोजन

जौनपुर सू. वि. : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि "आजादी का अमृत महोत्व" के अन्तर्गत 18 अप्रैल 2022 से 23 अप्रैल 2022 तक जनपद मे स्वास्थ्य मेंले का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मेंले में कल 15 दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया गया था। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में पात्र पाये गये कुल 13 दिव्यांगजनों को विकास भवन परिसर में ट्राईसाइकिल वितरण किया गया। उक्त अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी उपस्थित रहीं है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
अच्छा वक्त उसी का होता है जो किसी का बुरा नहीं सोचता।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## ब्रिटिश पीएम का भारत दौरा : बड़ा संदेश देना चाहते हैं जॉनसन

गुजरात ने नरेंद्र मोदी के लिए प्रधानमंत्री पद तक पहुंचने के लिए प्रवेश द्वार का काम किया, और अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने आज से शुरू हो रही दो दिवसीय भारत यात्रा के लिए अहमदाबाद को अपना पहला पड़ाव बनाया है। वह यहां ब्रेग्जिट बाद की रणनीतियों को लागू करने और महामारी के प्रभाव को खत्म करने के लिए एक बड़े निवेश की घोषणा करने वाले हैं, जो ब्रिटेन में रहने वाले करीब छह लाख से अधिक गुजरातियों (जिनमें अधिकांश समृद्ध हैं) पर मोदी के प्रभाव का उपयोग करके संभव हो सकता है।

ब्रिटेन की जीडीपी में भारतीय छह फीसदी का योगदान करते हैं। भारतीय डायस्पोरा की स्वामित्व वाली कंपनियां 36.84 अरब पाउंड के संयुक्त राजस्व के साथ 1,74,000 से अधिक लोगों को रोजगार देती हैं और कॉर्पोरेशन टैक्स में एक अरब पाउंड से अधिक का भुगतान करती हैं, जिससे दोनों देशों के रिश्ते को मजबूती मिली है। जॉनसन की यात्रा इस रिश्ते को और मजबूत करेगी, जो दोनों देशों के लिए अच्छा है। अहमदाबाद में जॉनसन प्रमुख व्यवसायियों से मिलेंगे और ब्रिटेन एवं भारत के फलते–फूलते वाणिज्य, व्यापार और लोगों के संबंधों पर चर्चा करेंगे।

पर्यवेक्षकों को लगता है कि जॉनसन ने काफी सोच–समझकर भारत के पांचवें सबसे बड़े राज्य गुजरात को चुना है, क्योंकि यह ब्रिटेन में बड़ी संख्या में रहने वाले ब्रिटिश–भारतीय आबादी का पैतृक घर होने के कारण भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। कोविड–19 के प्रकोप के कारण इससे पहले उनकी यात्रा तीन बार स्थगित की गई थी। इस महत्वपूर्ण यात्रा से पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने उत्साह से कहा था कि 'मेरी भारत यात्रा रोजगार सृजन और आर्थिक विकास पर केंद्रित होगी। इसमें वे सब कदम भी उठाए जाएंगे, जो दोनों देशों के बीच दीर्घकालीन साझेदारी को गहरा करने के लिए वास्तव में मायने रखते हैं।

चूंकि निरंकुश राष्ट्रों से हमारी शांति और समृद्धि को खतरा है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि सभी लोकतंत्र एवं मित्र देश एकजुट रहें। भारत एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के साथ दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इसलिए इस अनिश्चित समय में ब्रिटेन के लिए यह अत्यधिक मूल्यवान रणनीतिक भागीदार है।' ब्रेग्जिट बाद की रणनीति के रूप में उम्मीद है कि जॉनसन गुजरात में कोई बड़ा निवेश करने की घोषणा कर सकते हैं, जिससे अत्याधुनिक विज्ञान, स्वास्थ्य एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए सहयोग के माध्यम से रोजगार और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

नई रणनीति ब्रिटेन के उपभोक्ताओं के लिए भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ व्यापार के अवसरों से प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में कमी करने पर जोर देती है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कुशल रोजगार, संबंधित क्षेत्रों में हरित प्रौद्योगिकी सेवा और मजदूरी में बढ़ोतरी जैसे क्षेत्रों में ब्रिटिश व्यापारियों को अवसर प्रदान करना शामिल है। आधिकारिक आंकड़े के मुताबिक, भारतीय कंपनियां पूरे ब्रिटेन में 95,000 रोजगार प्रदान करती हैं, जिसे भविष्य के व्यापार सौदे और आगामी निवेश घोषणाओं को अंतिम रूप देने के बाद बढ़ाया जा सकता है।

जॉनसन और मोदी ब्रिटेन और भारत की रणनीतिक रक्षा, राजनयिक और आर्थिक साझेदारी पर गहन बातचीत करेंगे, जिसका उद्देश्य हमारी घनिष्ठ साझेदारी को मजबूत करना और भारत–प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाना है। विश्लेषकों का मानना है कि जॉनसन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत में प्रगति पर जोर देंगे। ब्रिटेन ब्रेग्जिट के बाद की स्थिति का सामना करने के लिए अपनी कार्ययोजना के हिस्से के रूप में इस सौदे की उम्मीद कर रहा है।

जॉनसन को लगता है कि भारत के साथ इस तरह के व्यापार सौदे में 2035 तक ब्रिटेन के कुल व्यापार को सालाना 28 अरब पाउंड (36.5 अरब डॉलर) तक बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं, जो इस महीने के अंत में तीसरे दौर की एफटीए वार्ता के माध्यम से संभव होगा और यह ब्रिटेन में आय को तीन अरब पाउंड (3.9 अरब डॉलर) तक बढ़ा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ब्रिटेन ने यूक्रेन पर भारत के तटस्थ रुख और दोनों युद्धरत देशों को शांतिपूर्ण और कूटनीतिक तरीके अपनाने के लिए राजी करने के प्रयासों की सराहना की है।

भविष्य में ब्रिटिश–भारत संबंध घनिष्ठ रक्षा संबंधों पर आधारित हो सकते हैं, जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और 'मेक इन इंडिया' पहल के उपयोग को प्राथमिकता देते हैं और यह रूस के साथ भारत के पुराने रक्षा संबंधों के बावजूद संभव है। हालांकि रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से ब्रिटेन भारत को मास्को पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन भारत ने हमेशा ब्रिटेन को यह समझाने का प्रयास किया है कि रूस के साथ घनिष्ठ संबंधों को अल्पकालिक लाभ के लिए छोड़ा नहीं जा सकता है।

ब्रिटिश विदेश मंत्री लिज ट्रस पिछले महीने रूस पर प्रतिबंधा लगाने के लिए भारत को राजी करने और जॉनसन की यात्रा की तैयारियां करने के लिए भारत आई थीं। भारत ने बूचा नरसंहार की निंदा की, लेकिन रूस की आलोचना करने से परहेज किया। अन्य महत्वपूर्ण एजेंडा अफगानिस्तान में उथल–पुथल और ब्रिटेन के हिंद–प्रशांत झुकाव सहित क्षेत्रीय मामलों से संबंधित है, जिस पर आम सहमति बनाने के लिए इस यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच चर्चा होगी।

जॉनसन और मोदी पिछले साल उनके द्वारा हस्ताक्षरित समझौतों को आगे बढ़ाएंगे, जो यूके–भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी से संबंधित थे, जिसमें स्वास्थ्य, जलवायु, व्यापार, सुरक्षा और रक्षा में गहन द्विपक्षीय संबंधों के अलावा 53 करोड़ पाउंड के निवेश की घोषणा की गई है। याद रहे कि मोदी और जॉनसन ने नवंबर, 2021 में ग्लासगो में कॉप–26 जलवायु शिखर सम्मेलन के मौके पर व्यक्तिगत मुलाकात की थी, जब उनकी बातचीत भारत–यूके जलवायु साझेदारी के साथ–साथ 2030 के रोडमैप समीक्षा पर केंद्रित थी, जिस पर मई, 2021 में वर्चुअल शिखर सम्मेलन में उन्होंने हस्ताक्षर किए थे। उस रोडमैप का उद्देश्य 2030 तक भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आजादी का अमृत महोत्सव'' के अर्न्तगत बुधवार को सीएचसी कूरेभार पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ मा0 विधायक सुल्तानपुर विनोद सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान मेले में लगे बाल विकास पुष्टाहार विभाग के स्टाल का जायजा लेते हुए विधायक ने 02 गोदभराई व 02 अन्नप्राशन रस्म को अपने हाथों से निभाया।इस दौरान विधायक ने शिक्षा विभाग के माइक्रो प्लान स्टाल का जायजा लेते हुए शिक्षिकाओं से बातचीत की,और उनके मॉडल व कार्यों को सराहा इस दौरान बीईओ रामतीर्थ वर्मा एआरपी शिक्षक आशीष मिश्रा, नीरज त्रिपाठी ,अंजना तिवारी, दीपिका दुबे, रितिका ,भावना ,अनुपमा समेत दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।तो स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर सैकड़ों मरीजों की मौके पर ही जॉच कराते हुये चिकित्सीय परामर्श दिया गया साथ ही खान–पान हेतु सलाह भी दी गई। होम्योपैथिक डॉ0 मनोज द्विवेदी,डॉ0 राकेश द्विवेदी की टीम ने लगभग 50 मरीजों आयुर्वेदिक टीम के डॉ0 मो0 अनवर पचा, मो0 अकबर,डॉ0 विनीता यादव,प्रेम चंद्र दूबे द्वारा 60 मरीजों को दवा व चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज ,डॉ0 जसवंत सिंह आजाद,डॉ0प्रियंका शुक्ला, दीप शिखा ,रितेश राना, फार्मासिस्ट आर एस मौर्य की टीम द्वारा मौके पर



सैकड़ों मरीजों की जॉच कराते हुये चिकित्सीय परामर्श दिया गया साथ ही खान–पान हेतु सलाह भी दी गई।जिला दिब्यांग शशक्तिकरण टीम के रंजीत दूबे, दुर्गेश तिवारी,कैलाश नाथ के द्वारा दिब्यगों को बिभाग द्वारा संचालित योजनाओं व सहायक उपकरणों की जानकारी दी।इसी तरह किशोर स्वास्थ्य मंच, नेशनल एम्बुलेंस सर्विस,नियमित टीकाकरण आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड के स्टाल पर लोगों को आवश्यक जानकारी दी गई। एक दिवसीय मेले में बोलते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सरकार की बुनियादी स्वास्थ्य सुबिधाओं को जरूरतमन्तो तक पहुँचाने पर जोर दियाउन्होंने इस तरह के मेले को गांवों में चलाने की बात कही।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह,सांसद प्रतिनिधि रणजीत सिंह,कुरेभार बीडीओ एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेंद्र तिवारी,मेले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 त्रिपाठी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्षमन सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णानगर पुलिस ने चार पहिया वाहन चोरों के अन्तर्जनपदीय गिरोह का किया पर्दाफाश

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डी०के० ठाकुर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के द्वारा चार पहिया वाहन चोरी कर उनका रजिस्ट्रेशन नं० प्लेट की कूटरचना कर वाहन को बेंचने वाले अन्तर्जनपदीय चार पहिया वाहन चोरों के गिरोह का पर्दाफाश कर थाना कृष्णानगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 122/2022 धारा 379 भा0द0वि0 का सफल अनावरण करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण 1. विशाल सैनी पुत्र नियाज अहमद बृजेश चन्द्र सैनी निवासी परसादी खेडा, सदरौना थाना पारा जनपद लखनऊ 2. काजी जुबैर अहमद निवासी रूस्तम बिहार कालोनी बाग नं0 03 सरोजनीनगर लखनऊ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे/ निशानदेही पर 03 अदद चार पहिया वाहन बरामद महत्वपूर्ण सफलता की है। उक्त बरामदगी के फलस्वरूप थाना कृष्णानगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 122/2022 धारा 379 भा0द0वि0 का सफल अनावरण किया गया एवं अन्य बरामद वाहन के सम्बन्ध में थाना कृष्णानगर पर मु0अ0सं0 181/2022 धारा 411/414 भा0द0वि0 बनाम् विशाल सैनी आदि 02 नफर का अभियोग पंजीकृत कर उन्हे न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।दिनाँक 21.03.2022 को अमित गौतम पुत्र बाबूलाल गौतम निवासी एफ–144 इन्द्रलोक कालोनी थाना कृष्णानगर लखनऊ के द्वारा अपने वाहन संख्याः UP32 AW 3236 का दिनांक 17.03.2022 को कृष्णानगर मैट्रो स्टेशन के गेट संख्याः 02 की तरफ की पार्किंग से चोरी होने की सूचना दी गयी ।उक्त सूचना के आधार पर थाना कृष्णानगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 122/2022 धारा 379 भा0द0वि0 बनाम् अज्ञात पंजीकृत करते हुए अभियोग के अनावरण हेतु टीम गठित किया गया। गठित पुलिस टीम के द्वारा घटना स्थल से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर पुलिस सूचना तन्त्र एवं इलेट्रानिक सूचना तन्त्र के माध्यम से पतारसी सुरागरसी कर चार पहिया वाहन चोरी कर उनका रजिस्ट्रेशन नं0 प्लेट की कूटरचना कर वाहन को बेंचने वाले अन्तर्जनपदीय चार पहिया वाहन चोरों के गिरोह का पर्दाफाश किया। इंस्पेक्टर आलोक राय ने बताया कि अभियुक्तगण के द्वारा पूछताछ में बताया गया कि विशाल सैनी मारूति 800 कार की रेकी कर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गाडियाँ चोरी करके लाता था और काजी जुबैर अहमद कबाडी के द्वारा गाड़ियो को अपने कबाड़ की दुकान के माध्यम से नम्बर प्लेट परिवर्तन कर बेच दिया जाता था और जो वाहन प्रयोग करने के लायक नहीं होता उसको कबाड़ में कटवा दिया जाता है। इस गिरोह के फर्दाफाश होने के फलस्वरूप ऐसी वाहन चोरी की घटनाओं को रोका जा सकेगा। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर अग्रिम विधिक कार्यवाही करायी जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर आलोक कुमार राय, उप निरीक्षक रविन्द्र सिंह भदौरिया, उप निरीक्षक संतोष कुमार गौड़, हेड कांस्टेबल सुभाषचन्द्र, कांस्टेबल अजय कुमार, हरिओम, थाना कृष्णानगर, कमिश्नरेट लखनऊ आदि शामिल रहे।

## शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित : आयोजित हुआ शहीदों के परिजनों का सम्मान समारोह

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : सर्किट हाउस के सभागार में लोकतंत्र सेनानी, स्वतंत्रता सेनानी व सेना के शहीदों के परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भाजपा के उत्तर प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने समारोह में 47 विशिष्ट जनों को माल्यापर्ण व अंगवस्त्र भेंट करके सम्मानित किया। राधामोहन सिंह ने कहा कि आज देश अपने आजादी के 75 वर्ष पूरा करने के बाद आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। गुलामी के लंबे कालखंड में असंख्य बलिदान देकर हमने आजादी हासिल की। इस आजादी की रक्षा करने की जिम्मेदारी हम सभी लोगों के सिर पर है । हम सभी की जिम्मेदारी है की अमृत काल में हमारे सामने नए लक्ष्य हैं, नए संकल्प हैं, और साथ में ही नई चुनौतियां भी है। ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में आज का भारत अपने साधनों को लेकर तेज गति से आगे बढ़ रहा है । उन्होने कहा कि देश की रक्षा में लगे सेना से जुड़े संसाधनों के लिए हमें विदेशों पर ज्यादा निर्भर रहना पड़ता था। ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते थे, नए हथियार नए उपकरण खरीदने के लिए लंबी प्रक्रिया चलती थी, किंतु मोदी सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का संकल्प हमें राष्ट्र के अंदर ही अधिकतर संसाधनों का निर्माण करने का अवसर दे रहा है । बदली हुई परिस्थिति में देश के रक्षा के लिए जो बजट होता है अब उसका करीब 65 प्रतिशत देश के भीतर ही खरीद पर खर्च हो रहा है । रक्षा के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने वाली प्रक्रिया प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में निरंतर डिफेंस सेक्टर को मजबूत कर रही है । हथियारो एवं उपकरणों के निर्माण के लिए निवेश बढ़ रहा है, इस अवसर पर हम सभी लोगों को यह ध्यान में रखना होगा कि भगत सिंह सुखदेव, राजगुरु को जब फांसी हुई तो यह 23–24 साल के नौजवान थे । देश के युवाओं को कभी अपनी शक्तियों को, अपने सपनों को कम नहीं समझना चाहिए । प्रधानमंत्री जी हमेशा कहते हैं कि ऐसा कोई काम नहीं जो भारत का युवा कर न सके । ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जो भारत का युवा प्राप्त न कर सके । आजादी के आंदोलन में हमें यह बताया कि आजादी के मतवालों की क्षेत्रीयता अलग अलग थी, भाषा बोली भिन्न–भिन्न थी लेकिन राष्ट्र सेवा की भावना, राष्ट्रभक्ति एकनिष्ठ थी। सम्मान समारोह के बाद अयोध्या के शहीद उद्यान स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिमा पर भाजपा के उत्तर प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक रामचन्दर यादव व डा अमित सिंह चौहान, पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ, महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, कमलाशंकर पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय बादल, राघवेन्द्र पाण्डेय, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, आकाशमणि त्रिपाठी, राधेश्याम त्यागी, शशि यादव, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल उपस्थित रहे।

## आपदा पीड़ितों को मदद नहीं मिलने पर कमिश्नर नाराज

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : प्राकृतिक व दैवी आपदा से प्रभावित परिवार को राहत निधि से अनुमन्य सहायता राशि का वितरण समय से नहीं किए जाने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई है। बुधवार को मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने कहा कि समय से मदद नहीं मिलने पर आपदा राहत निधि में निहित प्राविधानों की वास्तविक मंशा की पूर्ति नहीं हो पाती है तथा प्रभावित परिवार के सदस्यों को गम्भीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यह सुनिश्चित किया जाए कि दैवी आपदा से मृतध्प्रभावित परिवारों को 24 घण्टे के भीतर राहत सहायता उपलब्ध हो जाए। किसी विशेष समस्या पर 48 घण्टे के भीतर राहत सहायता अवश्य दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिला अधिकारी दैवी आपदा से प्रभावित पात्र मृतक आश्रितों के परिवारों को अनुग्रह सहायता दिये जाने की स्थिति का अनुश्रवण कर राहत सहायता वितरण कराएं। कहा कि आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए।

## पूछताछ के नाम पर रात्रि में अवैधानिक रूप से किसी को न बैठाया जाय– एडीजी

गोरखपुर ब्यूरो : पुलिस कर्मियों द्वारा जनता के व्यक्तियों से किये जा रहे व्यवहार पूछताछ अथवा अन्य कारणों से धाने पर लाये ध्‍ बुलाये जाने वाले व्यक्तियों के साथ पुलिस के व्यवहार के सम्बन्ध में अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा जोन के साथ गोष्ठी कर निर्देश दिये गये है कि – जन सामान्य से पुलिस बल द्वारा किये जाने वाले आचरण व व्यवहार को लेकर सभी अपने – अपने अधीनस्थों के साथ बैठक करके उन्हें यह भली – भाँति अवगत करा दें कि सभी पुलिस कर्मी जन सामान्य से अच्छा व्यवहार करें । जनपदीय स्तर पर यह पूर्णतया सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी दशा में पुलिस द्वारा अपने कार्य एवं आचरण से कोई ऐसा कृत्य न किया जाय , जिससे आमजन में पुलिस की छवि धूमिल हो । 2. चौराहों ध्‍ तिराहों पर चेकिंग व पूछताछ के दौरान किसी के साथ कोई मार – पीट , दुर्व्यवहार अथवा गाली – गलीज की शिकायत सामने न आने पाये । ऐसे पुलिस कर्मी जिनकी जनता से दुर्व्यवहार गाली – गलौज मारपीट शराब का नियमित सेवन कर ठेले खोमचे वालों को परेशान करने आदि की शिकायतें प्राप्त हो रही हों उन्हें तत्काल गैर जनपदीय शाखा स्थानान्तरण किये जाने की पूर्ण घाने ध्‍ चौकी पर अनावश्यक रूप से किसी भी व्यक्ति को पूछताछ के नाम पर रात्रि में अवैधानिक रूप से न बैठाया जाय । सायंकाल 07.00 बजे से प्रातः 05.00 बजे के मध्य रात्रि में किसी भी दशा में किसी व्यक्ति को थाने / चौकी पर न बैठाया जाय सायंकाल 07.00 बजे के बाद थाने में जनता का वही व्यक्ति हो जो किसी मामले में गिरफ्तार हो तथा उसकी इन्ट्री जो ० डी ० ( रोजनामचाआम ) में रहे । 6 किसी भी व्यक्ति को पूछताछ के लिए प्रातः 05 बजे से 07 बजे सायंकाल के मध्य बुलाया जाता है तो उसका इन्द्राज पूडताउ रजिस्टर जी टी में करते हुए सम्बन्धित व्यक्ति का फोटो खींचकर युक्ति – युक्त कारणों का उल्लेख करते हुए अपने क्षेत्राधिकारी को व्हाट्सप पर इसकी सूचना अवश्य दी जाय । बिना लिखा पढ़ी के किसी भी दशा में जनता का कोई भी व्यक्ति कार्यालय में थाना परिसर में या किसी अन्य जगह पूछताछ के नाम पर नहीं मिलना चाहिए । थाने पर पूछताछ केवल सुबह 05बजे से सायंकाल 07 बजे के मध्य की जा सकती है । इसके लिए एक निर्धारित स्थान चिन्हित किया जाय तथा उक्त स्थान सीसीटीवी कैमरा से कवर होना चाहिए ।पूछताछ के दौरान जो भी लोग बुलाये जाते हैं उनका पूर्ण विवरण पूछताछ रजिस्टर – य जी डी में किया जाया जनपदीय कन्ट्रोल रूम प्रत्येक दिन रात्रि में इन तथ्यों की पुष्टि करें कि किसी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से धाने पर तो नहीं बैठाया गया है । पूछताछ के अलावे जिन मामलों में लोगों को गिरफ्तार किया जाता है केवल उन्हें ही गिरफ्तारी के बाद लिखा पढ़ी करते हुए धानें में रखा जायेगा तथा उन्हें नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा । थाने में अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरा को पूर्णतया क्रियान्वित करायें तथा सक्रिय अवस्था में रखें । इन सीसीटीवी कैमरों से थाने के समस्त महत्वपूर्ण प्वाइंट्स पूरी तरह से कवर होना चाहिए इसकी पूर्ण जिम्मेदारी भाना प्रभारी सहित सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी की होगी । किसी भी दशा में जनता का कोई भी व्यक्ति कार्यालय में धाना परिसर में या किसी अन्य जगह पूछताछ के नाम पर नहीं मिलना चाहिए । थाने के बाहर की जाने वाली चेकिंग दबिश पूछताछ या अन्य ऐसे स्थान जहाँ पब्लिक का पुलिस से सीधा संवाद स्थापित होता '' है वहां यथासम्भव वीडियोग्राफी करायी जाया जनपद गोरखपुर सहित जिन जनपदों में बॉडी वार्न कैमरे उपलब्ध हैं तत्काल थानों को वितरित कर दिया जाया इन मॉडी वार्न कैमरों का प्रयोग दविश एवं पुलिस चेकिंग के दौरान थाना प्रभारी द्वारा किया जायेगा । जिन जनपदों में बॉडी वार्न कैमरों की आवश्यकता है जनपदीय प्रभारी तत्काल इसका आकलन करते सु मुख्यालय को प्रेषित करें । पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी रात्रि गश्त में प्रत्येक थाने की आकस्मिक चेकिंग तया कहीं धाना ध्‍ चौकी पर किसी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से बैठाया तो नहीं गया है , यदि किसी भी थाना प्रभारी द्वार जाय तो संबंधित थाना प्रभारी के साथ – साथ पहरा तथा जाना कार्यालय में नियुक्त कर्मियों के विरुद्ध भी कठोर दण्डात्मक कार्यवाही किया जायेगा।

## हम ऋणी है उन क्रांतिवीरों के जिन्होंने देश को दिलाई आजादी : डॉ.आरए. वर्मा

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : भाजपाइयों ने बुधवार को सामाजिक न्याय पखवाड़ा के अंतिम दिन आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों एवं शहीदों को नमन करते हुए प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और परिसर की साफ सफाई कर शिद्दत से याद किया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.आर.ए. वर्मा की अगुवाई एवं जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह तिलोकचंदी व भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक परिक्रमा सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपाइयों ने वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई, शहीद चंद्रशेखर आजाद,नेताजी सुभाष चंद्र बोस, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं राहुल चौराहा स्थित शहीद स्तम्भ सहित एक दर्जन से अधिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिद्दत से याद किया। इसके पूर्व भाजपाइयों ने प्रतिमाओं व परिसरों की विधिवत साफ – सफाई भी की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डा.आर.ए.वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा यह आजादी हमें यूं ही नहीं मिली। इसके लिए न जाने कितने फांसी के फंदे पर झूले थे और न जाने कितनों ने गोली खाई थी, तब जाकर हमने आजादी पाई थी। उन्होंने कहा देश ऋणी है उन क्रांतिवीरों का जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के



लिए अपना सर्वस्य न्योछावर कर दिया ।उन्होंने कहा आज हम देश के लिए सर्वस्य न्योछावर करने वाले सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों व देश के लिए शहीद हुए सैनिकों को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया 7 अप्रैल से शुरू हुए सामाजिक न्याय पखवाड़ा का बुधवार को अंतिम दिन था ।अब 29 अप्रैल से तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष आलोक आर्या,सुनील वर्मा, संदीप सिंह,आशीष सिंह रानू,अरुण द्विवेदी,ब्लाक प्रमुख भदैंया राजेन्द्र वर्मा,अनिल बरनवाल, इंद्रदेव मिश्रा,नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल,दिनेश चौरसिया, मुरारी सिंह, मंगरू प्रजापति, आत्मजीत सिंह टीटू, सजनलाल कसौधन, राकेश जायसवाल, डॉ. रामचरित पांडे, पूर्व सैनिक अजय सिंह, अजय पाण्डे,रेनू सिंह,राजकुमार सोनी मंजू तिवारी,सविता श्रीवास्तव, रीना जयसवाल,राजीव सिंह, सौरभ पांडे,अंकित अग्रहरि, मोहित साहू आदि मौजूद रहे।

### जनपद में बढ़ी बिजली की खपत : गांवों में हो रही कटौती से आम जन परेशान

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मई–जून से पहले ही कहर बरपा रही गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित था ही कि बिजली विभाग ने भी ढुलमुल रवैया अपनाते हुए कटौती शुरू कर दी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की ओर से निर्धारित शेड्यूल को दरकिनार कर कटौती की जा रही है। यह हाल तब है जब शहर में बिजली का लोड दोगुना बढ़ा है। प्रचंड गर्मी के साथ ही जिले में बिजली कटौती से भी हाहाकार मचा हुआ है। नगर क्षेत्र के सब स्टेशनों पर लगभग सभी फीडरों पर लोड बढ़ा है। मध्यांचल विघुत वितरण निगम के मुताबिक गर्मी से पूर्व नगरीय क्षेत्र में प्रतिदिन 23 मिलियन यूनिट लोड दर्ज किया जाता था, जो अब बढ़कर 35 मिलियन प्रतिदिन हो गया है। निगम के अधिशासी अभियन्ता मनोज कुमार ने बताया कि लोगों से जरूरत के मुताबिक ही बिजली उपभोग की अपील की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोड चेकिंग के लिए अभियान भी चलाया जाएगा। सबसे बुरे हालत ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। सोहावल, बीकापुर और मिल्कीपुर तहसीलों के ग्रामीण क्षेत्रों में दो से ढाई घंटे बिजली कटौती बढ़ गई है। इसके अलावा जर्जर तारों और खराब उपकरणों के कारण भी आपात कटौती लोगों के लिए संकट बन गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित उप केंद्रों के फीडरों की स्थिति भी बेहद जर्जर है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय उप केंद्रों पर शिकायत के बाद कोई सुनवाई नहीं होती है। कटौती से किसान ही नहीं बल्कि व्यापारी वर्ग भी काफी परेशान है।

## पूर्व पालिकाध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के पखवारा कार्यक्रम के अंतर्गत 18 अप्रैल विश्व विरासत दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद रूदौली के सफाई कर्मचारी गणो को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अतिथि अयोध्या जिला भाजपा के जिला महामंत्री पूर्व पालिकाध्यक्ष अशोक कसौधन ने सभी स्वछकार बंधुओ को अंग वस्त्र पहनकर तथा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया उपरोक्त कार्यक्रम नगर पालिका के सभागार मे रेहड़ी पटरी ब्यवसाय के जिला संयोजक शिवराम यज्ञसेनी की अध्यक्षता मे तथा अधिशासी अधिकारी रणविजय सिंह की उपस्थित मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे श्री कसौधन ने सम्बोधित करते हुए कहा स्वछ भारत मिशन मे स्वछकार साथियो का यह योगदान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है हम सब यह विश्वास करते है इस प्रकार के योगदान से भारत का सम्मान विश्व स्तर पर और आगे बढ़ेगा कार्यक्रम का संचालन भाजपा के राम नरेश विश्वकर्मा ने किया व सफाई नायक कमल , प्रमोद बाल्मीकि, रवि धानुक, राजन, जावेद, गोविंद, माजिद, कमलेश, अभिषेक सहित तीन दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे।

## हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन क्षेत्र में बिजली के लिए मची त्राहि–त्राहि : याद आ रहे पुराने दिन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : हैरिंग्टनगंज विद्युत सब स्टेशन के फीडरों की ट्राली खराब होने की वजह से पिछले कई घंटों से बिजली सप्लाई ठप्प हो गई है। हालांकि मरम्मत के बाद कुछ मिनटों के लिए बिजली के दर्शन उपभोक्ताओं को जरूर हुए। लेकिन उसके बाद फिर वही पुराना खेल शुरू और अनिश्चित काल के लिए बिजली हुई गुल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली मुहैया कराने का फरमान हवा–हवाई साबित हो रहा है। हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन की स्थिति इतनी बदतर है कि यहां पर आये दिन दिन बिजली सप्लाई बाधित होती रहती है।बिजली सप्लाई न मिलने से किसानों की खेती किसानी चौपट हो रही है। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं की रातें जागकर बीत रही हैं।अवर अभियंता रवि सिंह ने बताया कि लखनऊ से टेक्नीशियन आ गए हैं। ट्राली मरम्मत का कार्य चल रहा है। ट्राली मरम्मत हो जाने के बाद आपूर्ति बहाल हो जायेगी।हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन के सेवा क्षेत्र में अधिकांश रुप से बिजली सप्लाई बाधित रहती है। इस सबस्टेशन से वर्तमान समय में चार फीडर चल रहे हैं। कोंछा, हरिनाथपुर, मोतीगंज और इण्डोख। जिसमें हरिनाथपुर की स्थिति काफी दयनीय है। यहां प्रत्येक तीसरे दिन बिजली सप्लाई बाधित हो जाती है और कई घंटे के बाद पुनः बिजली सप्लाई सुचारू हो पाती है। हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन के फीडरों की ट्राली खराब होने से उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार की रात हरिनाथपुर फीडर के उपभोक्ताओं ने जाग कर बिताया है। ग्राम उरुवा वैश्य निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि बिजली कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से लाइन खराब रहती है। जिससे खेती किसानी चौपट हो रही है। वहीं ग्राम आदिलपुर निवासी रामेन्द्र मिश्रा ने कहा कि बिजली न मिल पाने से सब्जी की फसल सूख जा रही है। जबकि घुरेहटा निवासी सुरेन्द्र कुमार का कहना है कि हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन पर बराबर सप्लाई रहती है। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से किसानों को सप्लाई नहीं मिल पाती है। कोंछा फीडर के नियामतपुर गांव के विपिन तिवारी ने कहा कि बीते कई दिनों से बिजली सप्लाई नहीं मिली और सोमवार को फिर बिजली सप्लाई ठप्प हो गई। उन्होंने बताया कि हर आये दिन बिजली में ब्रेकडाउन की समस्या से गुजरना पड़ता है। इस बारे में हैरिंग्टनगंज के जेई रवि सिंह ने बताया कि ट्राली बनाने के लिए लखनऊ से मैकेनिक आया है। मरम्मत कार्य चल रहा है। जब ट्राली ठीक हो जाएगी तो सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि चुनाव में नेता मंच पर दहाड़ दहाड़ कर कहते थे कि पिछली सरकारों में लोग पूछते थे कि बिजली कब आएगी, लेकिन इस सरकार में लोग सोचते हैं कि बिजली कब जाएगी। दोनों सरकारों में यही अंतर है। वहीं अब चुनाव बाद पिछली सरकार से भी बदतर बिजली व्यवस्था हो गई है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा–निर्देश पर कोविड प्रबंधन हेतु टीम गठित

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : पिछले कुछ दिनों से विभिन्न राज्यों में कोविड के केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एनसीआर के जिलों में भी इसका प्रभाव है। विगत 24 घंटे में गौतमबुद्ध नगर में 103 और गाजियाबाद में 33 नए पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। एनसीआर के जिलों तथा लखनऊ में सभी के लिए सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाने की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन के लिए जागरूक किया जाए। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हमें सतर्क रहना होगा। यथा आवश्यक स्कूलों में कोविड प्रोटोकॉल का बारे में बच्चों को जागरूक किया जाए। एनसीआर के जनपदों (गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत) तथा लखनऊ जनपद में टीकाकरण से छूटे लोगों को चिन्हित कर वैक्सीनेट किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए। प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 856 है। विगत 24 घंटों में 01 लाख 13 हजार कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 170 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 110 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। हमें पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषप्रद है। किंतु बच्चों के टीकाकरण को और तेज करने की आवश्यकता है। 30 करोड़ 86 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही 18 आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 86.69% से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 94.26% किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है। 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को पहली डोज के बाद अब पात्रता के अनुसार दूसरी डोज भी दी जाए। 18 आयु के लोगों को बूस्टर डोज लगाए जाने में तेजी की अपेक्षा है। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी नागरिक टीकाकरण से वंचित न रहे। बूस्टर डोज की महत्ता और बूस्टर टीकाकरण केंद्रों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए।

## हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरा : ट्रैक्टर जला''

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : गोसाईगंज थाना क्षेत्र रामपुर शेखपुरा गांव में दीनबंधु दीनानाथ जायसवाल पुत्र स्वः बच्चू लाल जायसवाल अपने मिनी राइस मिल व आटा चक्की के बगल अपने जमीन में 10 दिन पहले एक नया ट्रैक्टर खरीदा था जिसे अपने चक्की के बगल में खड़ा किया था। लगभग 20 फुट के ऊपर से निकली 11000 बोल्ट हाईटेंशन लाइन का तार बुधवार सुबह लगभग 6:45 पर अचानक टूट कर गिरने से जायसवाल का नया(ए.सी.डी.आई 6565) के ट्रैक्टर पर जा गिरा । जिससे ट्रैक्टर का अगला दोनों पहिया अचानक जलने लगा । जिसको देखकर गांव में हल्ला मच गया सभी ग्रामीण के घर मालिक चक्की की ओर दौड़े तब तक के इस बीच ग्रामीणों ने बिजली घर पर फोन किया तब जाकर बिजली बंद हुई । ग्रामीणों ने बताया कि तारों को और ऊपर लगभग 60 फीट लेकर इसकी शिकायत कई बार विद्युत विभाग के जेई से कर चुके लेकिन किसी ने भी तार ऊपर कराने की जहमत नहीं उठाई । किसी दिन एक बहुत बड़ा हादसा हो जाएगा तब बिजली विभाग का आंख खुलेगा वही लोग कहते हैं।

## छात्र–छात्राओं के हाथ आई तकनीक की ताकत–विधायक

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : योगी सरकार में भविष्य बेहतर बनाने के लिए महाविद्यालयों के छात्रों को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ा जा रहा।इसी क्रम में मंगलवार को शिव सावित्री महाविद्यालय सराय मुगल में छात्रों को नई तकनीकी से जोड़ने के लिए स्मार्टफोन वितरण किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने पहुचकर अपने हाथों से छात्रों को स्मार्टफोन वितरण किये।स्मार्टफोन वितरण से पहले कॉलेज के प्रबन्धक अखंडवीर सिंह ने मुख्य अतिथि विधायक श्री यादव को फूलमाला पहना कर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार बच्चों को नई तकनीक से जुड़ने के लिए स्मार्टफोन वितरित करा रही है। स्मार्टफोन के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई और बेहतर हो सकेगी और शिक्षा से लेकर हर प्रकार जानकारी स्मार्टफोन के माध्यम से प्राप्त कर सकते है इस मौके पर उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव,बीडीओ अखिलेश गुप्ता,कॉलेज के प्रबंधक अखण्डवीर सिंह,राम नेवल लोधी,कुलदीप सोनकर,रामराज लोधी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रही।

## चौथी लहर में नहीं बदलेगा संक्रमण का स्वरूप : हार्ड इम्यूनिटी के कारण नहीं दिखेगा संक्रमण का असर

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश में चौथी लहर को लेकर योगी सरकार अलर्ट मोड पर काम कर रही है। ऐसे में कोरोना संक्रमण पर लगाम लगाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से गठित स्वास्थ्य सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर्स के पैनल ने बताया कि चौथी लहर में संक्रमण का स्वरूप नहीं बदलेगा। ओमीक्रॉन वेरिएंट कम खतरनाक होगा। इसकी संक्रमण दर तो तेज होगी पर भर्ती और मरीज के अति गंभीर होने की स्थिति नहीं होगी। संजय गांधी पीजीआई के निदेशक डॉ आरके धीमान ने बताया कि यूपी स्वास्थ्य सलाहकार समिति की इस बैठक में चौथी लहर को लेकर कई फैसले लिए गए। उन्होंने बताया कि संक्रमण की चौथी लहर से घबराने की कोई बात नहीं है लेकिन कोविड गाइडलाइन का पालन, टेस्ट, टीकाकरण से चौथी लहर से बचा जा सकता है। संभव है कि केस की संख्या में बढ़ोतरी हो लेकिन अस्पताल में भर्ती होने अथवा मरीज के अति गंभीर होने की स्थिति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद मुख्य बिन्दुओं को लेकर एक ड्राफ्ट तैयार किया गया है। जिसको मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा जाएगा। स्वास्थ्य सलाहकार समिति ने आपस में विमर्श करके चौथी लहर के सम्बंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली है। डॉ आरके धीमान ने बताया कि टीकाकरण के कारण लोगों में हार्ड इम्यूनिटी पाई जा रही है। ऐसे में चौथी लहर में संक्रमण का हल्का फुल्का असर ही लोगों पर देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि मास्क, सैनिटाइजर और कोविड से जुड़ी सभी गाइडलाइन का पालन करने से ही चौथी लहर का प्रकोप कम देखने को मिलेगा।

## बाइक से टकराई कार अनियंत्रित हो पेड मे भिडी सात हुए घायल एक की हुई मौत

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : रौनाही थाना सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र बरई कला के पास बाराबंकी से अयोध्या की ओर आ रहे बैगन आर कार संख्या यूपी 32एच के3816 ने आगे चल रहे बाइक मे टक्कर मारते हुए पीपल के पेड से टकरा गयी। कार मे सवारो की चीख पुकार सुन स्थानीय ग्रामीणो ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुचे चौकी प्रभारी देवेंद्र नाथ राय ने बाइक चालक समेत कार मे छःसवारो को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। कार चालक 50 वर्षीय रामनरायण मिश्र पुत्र गिरजा शंकर निवासी बल्ला शाही खेडा बाराबंकी की रास्ते मे मौत हो गयी। चौकी प्रभारी ने बताया कि कार सवार बल्ला बाराबंकी से अयोध्या जा रहे थे। बरई कला के पास इसी थाना चौकी क्षेत्र सैदपुर निवासी 45 वर्षीय हनुमान मौर्या उनकी पत्नी फूलमती को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित हो पेड से टकरा गयी। बाइक एवं कार मे सवार श्त्रोहन लाल पुत्र साहब दीन निवासी खुर्दही बाजार गोसाई गंज लखनऊ, एवं अधिवक्ता सुशील निधि शुक्ला पुत्र चंद्र प्रकाश, विनीता शर्मा पत्नी हरिप्रसाद,बल्ला शाही लोनी कटरा बाराबंकी निवासी 40 वर्षीय सुशीला देवी पत्नी राजकुमार, गया प्रसाद पुत्र भगौती, चालक रामनरायण मिश्र घायल हो गये।बेहोशी के हालत मे सभी घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।घायल चालक की रास्ते मे मौत हो गयी।शेष बाइक चालक सहित कार सवार की हालत गंभीर बनी हुई है।

## जनपद के समस्त थानों द्वारा पीस कमेटी की मीटिंग का हुआ आयोजन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शैलेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों द्वारा पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शैलेश कुमार पाण्डेय महोदय के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों द्वारा पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सभी थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस–10, डिजिटल वालेंटियर व ग्राम चौकीदार के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में त्यौहारों को मिलजुलकर शान्ति व सौहार्दपूर्वक मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक व पालन करने हेतु अपील की गयी।जनपद के समस्त निवासियों से की अपील किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाह पर विश्वास न करें व अफवाह न फैलायें।

## आबादी से तत्काल हटाएं शराब की दुकान : मुगलपुरा वार्ड में पहुंचे मेयर ने देखीं जनसुविधाएं

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान क्रम में जांच करने महापौर मुगलपुरा वार्ड पहुंचे। जहां इंडिया मार्क हैंडपंप खराब मिला। वहीं आबादी में स्थित शराब की दुकान को तत्काल हटाए जाने का निर्देश दिया। रामकिशोर यादव जनसंपर्क अधिकारी नगर निगम ने बताया कि 60 दिवसीय स्वच्छता व जन समस्या निवारण अभियान क्रम में बुधवार को महापौर ऋषिकेश उपाध्याय नगर निगम के अधिकारियों के साथ हैदरगंज वार्ड पहुंचे। यहां हैंडपंप रिबोर कराने, पानी के भराव को निकासी की व्यवस्था तथा प्राथमिक स्कूल के पासी नाली को कबर्ड कराए जाने का निर्देश दिया। मानव नगर कॉलोनी रमन्ना और बाल्मीकि कॉलोनी में पार्क से अतिक्रमण हटाने और बाउंड्री बनवाकर सुंदरीकरण कराने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए हैं। इसी तरह शाही मस्जिद गली स्थित आरएसएस कार्यालय के पास नाली कबर्ड कराने पत्थर पटिया बिछाने को निर्देशित किया है। महापौर ने कहा कि नगर निगम के संबंधित विभागों के अधिकारी अपने अधीनस्थों के दायित्वों को सुनिश्चित कराएं। उपाध्याय ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र को सुंदर और जन सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान सुधा रानी पार्षद हैदरगंज, पार्षद प्रतिनिधि आलोक श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह, महाप्रबंधक जलकल महेश चंद आजाद, अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता निर्माण, विद्युत अभियांत्रिकी के सहायक अभियंता, सफाई नायक विनय बाघमार, कार्यालय सहायक राशिद अंसारी, संजय शर्मा साथ चल रहे थे।

## महादेवा घाट पहुंचा चौरासी कोसी परिक्रमार्थियों का जत्था : परिक्रमा में पुरुषो के साथ महिलाओ की भी दिखी भागीदारी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : रामनगरी अयोध्या की प्रसिद्ध चौरासी कोसी परिक्रमा करने वाले परिक्रमार्थियों का जत्था बुधवार को अपने चौथे पड़ाव स्थल गोसाईगंज कस्बे के महादेवा घाट पर पहुंची।परिक्रमा का संचालन बाबा गयादास व वीएचपी के संगठन मंत्री सुरेन्द्रसिंह कर रहे है।सुबह छह बजे जैसे ही जयश्रीराम के उद्घोष के साथ जत्था कस्बे की सीमा में प्रवेश किया भाजपा नेता शेखर जायसवाल व महादेवा घाट जीर्णोद्धार समिति की अगुवाई में कस्बे के लोगो ने माला पहनाकर साधू संतो का स्वागत किया। परिक्रमा में पुरुषो के साथ महिलाओ की भी भागीदारी दिखी। परिक्रमा के संचालक बाबा गयादास ने कहाकि धर्मनगरी अयोध्या की सीमा चौरासी कोस में फैली हुई थी।चौरासी कोसी परिक्रमा करने से चौरासी लाख योनियो से मुक्ति मिल जाती है और जीव मोक्ष को प्राप्त करता है।विहिप के संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि परिक्रमा में मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित तमाम प्रान्तों के भक्तगण शामिल है।परिक्रमा का मुख्य उद्देश्य इस परिक्रमायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हो,यात्रा मार्ग का समुचित विकास हो,जगह जगह सुविधाएं मिले,दोनों पुलो का निर्माण हो जिससे परिक्रमार्थियो को कोई दिक्कत ना हो और यात्रा करने वालो की संख्या बढती रहे।राममन्दिर निर्माण पर बताया कि मन्दिर का निर्माण युद्ध स्तर पर हो रहा है।मन्दिर अपने निश्चित समय पर बनकर तैयार हो जाएगा और अयोध्या की पहचान विश्वस्तर पर होगा। महादेवा घाट पर परिक्रमार्थियो के जलपान, भोजन व विश्राम की समुचित व्यवस्था की गयी थी। घाट पर स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों की टीम सहित पुलिस व नगर पंचायत के सफाई कर्मी जुटे रहे।परिक्रमा रात्रि विश्राम के बाद अपने अगले पड़ाव स्थल टिकरी को रवाना हो जायेगी। उक्त अवसर पर जयप्रकाश गुप्ता, ध्रुव बरनवाल, विनोद बरनवाल, हनुमान प्रसाद, चेयरमैन रमेशचन्द्र पप्पू, ईओ आलोक कुमार मिश्र, कोतवाली प्रभारी केके मिश्र, डा0इन्द्रजीत, डा0बृजेन्द कुमार, संजयकुमार, राजन सोनी, सुनील सहित तमाम भक्तजन सेवा भाव में लगे रहे।

## हत्या के मामले में 12 साल बाद मिली जमानत : दुर्गा पूजा पंडाल के पास गोली मारकर हत्या का मामला

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने हत्या के एक मामले में सत्र अदालत से दोषसिद्ध अभियुक्त को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। अभियुक्त पर दुर्गा पूजा पंडाल के पास युवती से छेड़छाड़ के विवाद को लेकर एक मुस्लिम युवक की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। न्यायालय ने अभियुक्त को फिलहाल सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्रा, प्रथम व न्यायमूर्ति मनीष माथुर की खंडपीठ ने राजेंद्र प्रसाद मौर्या की अपील के साथ दाखिल द्वितीय जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। अपीलार्थी के अधिवक्ता चन्दन श्रीवास्तव ने दलील दी कि घटना अयोध्या जनपद के इनायत नगर थाना क्षेत्र में 27 सितम्बर 2006 की बताई जाती है, जब दुर्गा पूजा पंडाल के पास अपीलार्थी ने उस्मान नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के समय सैकड़ों लोगों का दुर्गा पूजा पंडाल के पास मौजूद होना बताया जाता है, बावजूद इसके घटना का कोई भी स्वतंत्र गवाह नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के तौर पर मृतक के पिता व भाई को पेश किया गया जिनके बयानों में कई भारी विरोधाभास हैं। दलील दी गई कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपीलार्थी ने मृतक को 40 कदम दूर से गोली मारी थी लेकिन मृतक को गोली लगने वाले स्थान पर चारो तरफ काले निशान हैं जो शरीर में सटा कर गोली मारने से ही आना सम्भव है। यह भी दलील दी गई कि मृतक के चेहरे पर भी एक फटी हुई चोट है जो कि गन शॉट से आई चोट नहीं है जबकि प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे भी गोली लगने की चोट बताया है। दुर्गा पूजा पंडाल पर मृतक की मौजूदगी पर भी सवाल खड़े किए गए।

## हिंदू राष्ट्र की मुहिम चलाए जाने पर परमहंसाचार्य को मिला सम्मान

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : हिंदू राष्ट्र की मुहिम चलाने वाले तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर परमहंस आचार्य का संतों ने बुधवार को सम्मानित किया। वृंदावन धाम के आचार्य महामंडलेश्वर महंत धर्मेंद्र गिरि और महाराष्ट्र से महामंडलेश्वर महंत एकनाथ गिरि अयोध्या पहुंचे। जहां उन्होंने तपस्वी छावनी जाकर परमहंस आचार्य को सम्मानित किया। महंत परमहंस ने कहा कि देश को हिंदू राष्ट्र घोषित कराने के लिए आवाज उठाई और 16 दिनों तक आमरण–अनशन भी किया। जिससे आज भारत के कोने कोने से हिंदू राष्ट्र की मांग उठ रही है। कहा कि एक दिन हम सौ करोड़ लोग हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए सड़कों पर उतरेंगे। केंद्र सरकार भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करेगी। बताया कि 29 प्रदेशों में हम लोग अभियान चला रहे हैं। वृंदावन के महंत धर्मेंद्र गिरि ने कहा कि हिंदू राष्ट्र के समर्थन में हम लोग महाराज श्री के साथ हैं। महेश्वर धाम वृंदावन में अखंड धूनी के सामने 11 मार्च 2022 से श्रीराम महायज्ञ शुरू हुआ है।1008 ब्राह्मण प्रतिदिन नियमित आहुति डाल रहे हैं। महाराष्ट्र के श्रीमहंत एकनाथ गिरि ने कहा कि हम साधु–संत व हिंदू जनमानस जगद्गुरु परमहंस आचार्य के समर्थन में हैं।

## अग्निकांड में प्रभावित लोगों से मिल कर सहानुभूति जताते हुए प्रतिएक परिवार को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने पहुंचे सपा नेता

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : तहसील अंतर्गत सैदपुर ग्रामसभा के करौंदी में अग्निकांड में पीड़ित ग्रामीणों को सांत्वना देने व राहत सामग्री वितरित करने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एहसान मो.अली उर्फ चौधरी शहरयार ने गाँव पहुँच कर अग्निकांड में प्रभावित लोगों से मिल कर सहानुभूति जताते हुए प्रतिएक परिवार को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। राहत सामग्री में आटा ,दाल ,चावल ,तेल,सब्जी आदि के साथ ही कपड़ों कि व्यवस्था कराई गई। चौधरी शहरयार ने कहा की इस दुःख की घड़ी में उनको पीड़ितों के साथ हृदय से सहानुभूति है।उन्होंने कहा प्रशासनिक लापरवाही पर कहा कि यदि दमकल समय से पहुँचती तो बड़े नुकसान से बचाया जा सकता था ।उन्होंने आश्वस्त कराया की वे पीड़ितों के लिए उनकी सेवा के लिए भविष्य में भी हमेशा उपलब्ध रहेंगे।उनका प्रयास रहेगा की जल्द ही सरकारी सहायता अनुदान राशि पीड़ितों को मिले जिसके लिए सम्बंधित अधिकारियों से बात करेंगे। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष छोटे लाल यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुन्ने खान, सभासद मो.इद्रीस, परवेज अहमद, मुश्ताक खान, आदि उपस्तिथ थे।

## देवगांव में मामूली सी बात को लेकर चले लाठी–डंडे : घायलों को गंभीर हालत में रेफर किया गया लखनऊ ट्रामा सेंटर

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगांव के सूबेदार के पुरवा में मामूली सी बात को लेकर आधा दर्जन लोगों द्वारा ट्रैक्टर कोल्हू लेकर तेल तेराई करने जा रहे दो लोगों को लाठी–डंडों से पीटकर लहूलुहान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हमले में घायलों को नाजुक स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर देख अस्पताल के डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। मामले में पीड़ित घायल युवक द्वारा आधा दर्जन हमलावरों के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी गई है। उधर मारपीट का मामला दो पक्षों के लोगों से जुड़ा होने के चलते स्थानीय थाना पुलिस के हाथ पांव फूल गए और मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई। घटना की जानकारी के बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर भी सीओ मिल्कीपुर राकेश कुमार श्रीवास्तव के साथ गांव पहुंच कर घटना की गहन छानबीन में जुट गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवगांव चौकी क्षेत्र अंतर्गत सूबेदार का पुरवा गांव निवासी अशर्फीलाल गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह बुधवार को अपना ट्रैक्टर चालित तेल कोल्हू लेकर गांव–गांव सरसों पेराई करने के लिए अपने घर से प्रात करीब 8 बजे निकला था। वह गांव के ही अनवर पुत्र आयोग के दरवाजे पर पहुंचा ही था कि उनका ट्रैक्टर रोक लिया तथा 1 दिन पहले किसी बात को लेकर हुई तू तू मैं मैं के चलते गाली गलौज करने लगा। अशर्फीलाल का आरोप है कि जब उसने मना किया तब अनवर व उनके घर के रिजवान, तालिब, चांद बाबू, इबरार, नवसाद एवं कल्लू नाई निवासी सुरती का पुरवा हाथों में लाठी डंडा लिए मौके पर पहुंच गए और जमकर उसे मारना शुरू कर दिया हल्ला गुहार सुनकर जब उनके चाचा आसाराम मौके पर पहुंची और बीच–बचाव करने लगे तब उपरोक्त लोगों ने आसाराम को ही लाठी–डंडों से पीट पीट मरणासन्न कर दिया। मामले में थानाध्यक्ष वीर सिंह ने अनवर सहित 7 लोगों के खिलाफ धारा 147, 308, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ में जुटी है। फिलहाल पुलिस अभी गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रही है। उधर गांव में दो पक्षों के हुई मारपीट को लेकर शांतिपूर्ण माहौल में तनाव जरूर घुला हुआ है।

## चौबीस घंटे से आधा और एक एक घंटा बाद बार बार होती रही रोस्टिंग ने पांच साल पहले की दिलाई याद

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : रूदौली डिविजन सोहावल विद्युत उपकेन्द्र क्षेत्र के फीडरो से होने वाली विद्युत सप्लाई विगत सोम एवं मंगल की मध्य रात्रि से प्रति आधा तथा एक घंटे बाद बार बार हो रही अघोषित कटौती से ग्रामीण क्षेत्र में भीषण गर्मी को लेकर अनिश्चितता बनी रही। जन पुकार के अनुसार मंगल की रात डेढ बजे से शुरू हुई रोस्टिंग प्रति आधे एक घंटे बाद बदस्तूर जारी रही। जिससे दो रातो से छोटे छोटे नौनिहाल सहित परिजन गर्मी से विलखते रहे। क्षेत्र के उमाशंकर गोस्वामी, रूद्र प्रताप सिंह, रवि यादव राजेश गोस्वामी, आदि का आरोप है कि मौजूदा सरकार को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तम विद्युत सप्लाई योजना को ध्यान मे रखते हुए वोट, दिया। लेकिन सरकार बनने ही भीषण गर्मी मे क्षण क्षण की रोस्टिग ने हमारी मंशाओ पर पानी फेर दिया। रात भर गर्मी और अंधेरे मे छोटे छोटे बच्चे पसीने और भय के माहौल मे बैठे रहे। फीडर एस एस ओ एवं संबधित विभाग के अधिकारियों से फोन से संपर्क कर स्थिति की जानकारी लेने का प्रयास भी असफल रहा। कोई भी अधिकारी माकूल जबाब देने की स्थिति मे नही दिखाई दिया। 220 सोहावल के सीयूजी नंबर का फोन रात भर व्यस्त रहा जिससे क्षेत्र मे बिजली सप्लाई को लेकर अनिश्चितता व्याकुलता का माहौल बना रहा। इस बाबत मे खंड अभियंता सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी मे विद्युत आपूर्ति की अधिक मांग के अनुसार कोयले की कमी से प्रयाप्त मात्रा मे बिजली तैयार नही होने से ऐसी स्थिति बनी है। जिसका निराकरण संबधित विभाग के उच्चतम अधिकारियो के प्रयास से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वत्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।